# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 13.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह गुजरात के अहमदाबाद सिविल अस्पताल में एयर इंडिया विमान दुर्घटना के घायलों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अहमदाबाद में हुए हवाई हादसे से पूरा देश स्तब्ध है। उन्होंने कहा कि हृदय विदारक तरीके से अचानक इतने लोगों की मौत बहुत ही दुखद है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

श्री मोदी ने दुर्घटना स्थल का भी दौरा किया और वहां पर बचाव कार्यों में लगे अधिकारियों और अन्य लोगों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। बाद में प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

****************

गुमला में अहमदाबाद विमान हादसे में मृत 241 यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए आज दो मिनट का मौन रखा गया। सिविल सर्जन कार्यालय में चिकित्सकों और कर्मियों ने दिवंगत आत्माओं को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

****************

हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल सांसद तीर्थ दर्शन योजना की शुरुआत कर रहे हैं जिसके अंतर्गत 50 वर्ष से ऊपर के हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के लोग वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज और विंध्याचल के तीर्थ स्थलों का दर्शन कर सकेंगे।

आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए मनीष जयसवाल ने बताया कि हर महीने छह बार तीर्थ यात्रा की गाड़ी चलेगी और सभी पंचायतों को इससे जोड़ा जाएगा।

****************

पूर्वी सिंहभूम जिले में 15 से 30 जून तक धरती आबा जनभागीदारी अभियान का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य जनजातीय समूहों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना है। आज सांसद विद्युत वरण महतो, संयुक्त सचिव बृजनंदन प्रसाद, उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और एसएसपी पीयूष पांडेय ने समाहरणालय से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान के तहत जिले में 275 से अधिक शिविर लगाए जाएंगे, जहां विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों को दिया जाएगा।

****************

**राजोव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाले** में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की याचिका पर आज झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। बार–बार मधु कोड़ा की ओर से समय मांगे जाने पर कोर्ट ने चौथी बार 8 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इससे पहले भी कोर्ट तीन बार कुल 7 हजार रुपये का जुर्माना लगा चुका है, जिसे झालसा में जमा करने का निर्देश दिया गया

****************

पाकुड़ जिले में एटीएस और पुलिस की संयुक्त छापेमारी में भारी मात्रा में अवैध जिलेटिन और डेटोनेटर बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एटीएस को इन विस्फोटकों को स्टोर कर खपाने की तैयारी की सूचना मिली थी, जिसके बाद छापेमारी की गई। पाकुड़िया थाना प्रभारी ने बताया कि विस्फोटक सामग्रियों की गिनती की जा रही है।

****************

कृषि के क्षेत्र में खूंटी जिले को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में एक नई पहल की जा रही है। खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा की पहल पर 250 किसानों को **काला नमक धान** की खेती का प्रशिक्षण दिया जाएगा। और जानकारी दे रही हैं हमारी संवाददाता–

****************

मौसम विभाग ने राज्य में 15 जून के बाद गर्मी और उमस से राहत मिलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार 15 से 18 जून तक राज्य के कई जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। साथ ही कल गरज, बिजली और तेज हवा के साथ कुछ हिस्सों में छिटपुट वर्षा की संभावना जताई गई है।

****************